हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 5 दिसम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 छिंदिया धान खरीदीः 254 बोरी अवैध धान जब्त




## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता आज

**बलरामपुर**। युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अवसर प्रदान करने के लिए इस वर्ष भी खेला एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला स्तरीय युवा उत्सव 5 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से ऑडिटोरियम भवन में आयोजित किया जाएगा। खेल अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव में जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को विभिन्न विधाओं में अपनी कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस युवा उत्सव में लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा, रॉक बैंड विधायें शामिल है। जिसमें 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग तक के प्रतिभागी जिला स्तर युवा उत्सव में हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में हिस्सा लेने का अवसर मिलेगा।

### पारा में गिरावट, सामान्य से 2.7 डिग्री नीचे पहुंचा तापमान

**अम्बिकापुर**। पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रवाह से पारा में गिरावट होने का क्रम लगातार जारी है। गुरूवार को 0.9 डिग्री की गिरावट के साथ न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है जो सामान्य से 2.7 डिग्री नीचे है। इधर मौसम विभाग ने शुक्रवार से ओड़िसा एवं झारखण्ड में शीतलहर चलने वही मध्य भारत के तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की चेतावनी जारी की है। फिलहाल सरगुजा में शीतलहर का प्रभाव नहीं है लेकिन जिस तरह से लगातार पारा में गिरावट हो रही है आगामी 2-3 दिनों में पारा में तेज गिरावट होने के साथ ही न्यूनतम पारा 5.0 डिग्री के निकट पहुंचने एवं भीषण ठंड पड़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में पारा में गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### जिले में 6235 गैस कनेक्शन के लक्ष्य के विरुद्ध 8 हजार से अधिक आवेदन

**अम्बिकापुर**। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना गरीब परिवार की महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का माध्यम बन रही है। योजना के तहत राज्य की महिलाओं को भी निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। योजना से प्राप्त स्वच्छ ईंधन से महिलाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान में वृद्धि हुई है। इसी कड़ी में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 3.0 के तहत वर्ष 2025-26 में जिले को 6235 नए कनेक्शन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना के अंतर्गत नए गैस कनेक्शन जारी किए जाने की प्रक्रिया जारी है। लक्ष्य के विरुद्ध योजना का लाभ लेने के लिए शिविर के माध्यम से कुल 8143 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 3421 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। 2459 आवेदन अस्वीकृत एवं 1193 आवेदन का परीक्षण शेष है। स्वीकृत आवेदनों में से कुल 2437 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण किया गया है तथा 501 का एसवी जारी हो गया है। जिला प्रशासन ने निर्देश जारी किए हैं कि जिन हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण है, वे अपनी गैस एजेंसी में जाकर शीघ्र अपना गैस कनेक्शन प्राप्त करें।

### बाबा गुरु घासीदास जयंती पर मनाया जाएगा मद्य निषेध दिवस

**अम्बिकापुर**। बाबा गुरू घासीदास जयंती को मद्य निषेध दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष भी 18 दिसंबर को मद्य निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर गठित भारत माता वाहिनी समूह के सहयोग से वृहद नशामुक्ति कार्यक्रम, नशामुक्त भारत अभियान शपथ कार्यक्रम, नशा मुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण, मद्य निषेध हेतु शपथ एवं संकल्प लिया जाएगा। साथ ही नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद विकसित कर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी देना, नशामुक्ति साहित्यों का वितरण, सोशल मीडिया में प्रेरक स्लोगन चित्रों आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार, विद्यार्थियों में नशापान के विरूद्ध जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

## पहले दिन हुआ सीमांकन, छावनी में तब्दील हुआ परसोडीकला गांव

# एसईसीएल ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरु कराया खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अमेरा खुली खदान के विस्तार हेतु बुधवार को हुए भारी विरोध प्रदर्शन और खूनी संघर्ष के बाद गुरुवार को माहौल तनावपूर्ण बना रहा। इस दौरान पुलिस के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एसईसीएल प्रबंधन द्वारा भूमि के सीमांकन और गड्ढे खोदने का काम शुरू किया गया। इधर घटना के बाद कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी मांगों को जिला प्रशासन के समक्ष रखा है। जिला प्रशासन ने मांगों को एसईसीएल प्रबंधन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

**खास बात**
- तनाव के बीच स्थिति नियंत्रण में

बता दें कि लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत अमेरा खुली खदान के विस्तार के बीच बुधवार को परसोडीकला में अचानक ही विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी। मुआवजा, नौकरी सहित अन्य मागों को लेकर सहमती नहीं बन पाने के कारण ग्रामीण खदान विस्तार का विरोध कर रहे थे। इस दौरान अचानक ही ग्रामीण उग्र हो गए और पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस पत्थरबाजी में अपर कलेक्टर, एएसपी सहित लगभग 50 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से भी पत्थर चलाने के साथ ही आंसू गैस के गोले दागे गए। पुलिस ने भीड़ को तितर बितर करने के लिए लाठी भांजी। दिनभर चले विवाद में बाद देर शाम स्थिति सामान्य हुई लेकिन घटना के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए अमेरा कोल खदान के साथ ही परसोडीकला क्षेत्र को छावनी में तब्दील किया गया है। गुरुवार की सुबह सरगुजा के साथ ही आस पास के जिलों से भी भारी संख्या में पुलिस बल को बुलाकर तैनात किया गया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि पर कोयला उत्खनन के लिए सीमांकन और गड्ढे खोदने का काम शुरू किया गया। विदित हो कि अमेरा ओपन कास्ट माइंस में कोयला उत्खनन का काम एलसीसी कंपनी को दिया गया है और कंपनी के लोगों द्वारा ही कोयला का उत्खनन किया जा रहा है।





अमेरा खदान में मौजूद पुलिस बल।

### नौकरी और मुआवजा नियम में संशोधन की मांग

बता दें कि एसईसीएल द्वारा कोयला उत्खनन के लिए परसोडीकला, अमेरा, पूहपुटरा और कटकोना गावों में 664.184 हेक्टेयर का अधिग्रहण वर्ष 2001 में किया था। अधिग्रहीत भूमि के एक हिस्से का कब्जा मिलने के बाद वर्ष 2011 में खनन कार्य प्रारम्भ किया गया था। बड़ी बात यह है कि परसोडीकला क्षेत्र में महज 20 प्रतिशत लोगों ने ही मुआवजा और नौकरी ली जबकि शेष ने मुआवजा लेने से इनकार कर दिया था इसी लिए विवाद की स्थिति बनी हुई है। अब ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2001 की तुलना में वर्तमान स्थिति में भूमि का मुआवजा काफी कम है। इसके साथ अब परिवार के सदस्यों की उम्र अधिक हो गई है इसलिए वे लम्बे समय तक एसईसीएल में नौकरी नहीं कर पाएंगे। ऐसे में उनके स्थान पर उनके बच्चों को नौकरी दी जाए या फिर उन्हें बैक डेट में नौकरी दी जाए। ग्रामीण मुआवजा और भू अर्जन के मामले में फिर से विचार करने की मांग कर रहे है।

### की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

3 दिसम्बर को विरोध प्रदर्शन के दौरान की गई पत्थरबाजी में पुलिस अधिकार कर्मचारी घायल हुए। पुलिस अधिकारियों ने घायल पुलिसकर्मियों का मुलाहिजा कराया है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### मांगों पर भेजा गया है प्रपोजल

एसईसीएल ने अपना काम शुरू कर दिया है। इस बीच कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने भी मुलाक़ात की है। ग्रामीणों और प्रतिनिधि मंडल की मांगों से संबंध में हमारी तरफ से प्रपोजल बनाकर भेजा गया है। एसईसीएल प्रबंधन, जिला प्रशासन और ग्रामीणों के बीच त्रि स्तरीय बैठक कराने का प्रयास किया जाएगा।

-**सुनील नायक**, अपर कलेक्टर

### नियंत्रण में है स्थिति

पत्थरबाजी में अधिकारी कर्मचारी घायल हुए थे। 10 लोगों को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है, पुलिस फोर्स को तैनात रखा गया है। स्थिति नियंत्रण में है और सामान्य है। ग्रामीणों को समझाईस दी गई है कि वे अपनी बात वरिष्ठ अधिकारयों के पास शांतिपूर्ण ढंग से रखे।

-**अमोलक सिंह ढिल्लो**
एएसपी

# कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने की ग्रामीणों से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अमेरा खुली खदान के विस्तार को लेकर चल रहे विरोध के बीच गुरुवार को कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल भी घटना स्थल पहुंचा। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के निर्देश पर जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक के नेतृत्व में टीम परसोडीकला गांव पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम परसोडीकला की जमीन का अधिग्रहण कोल बेयरिंग एक्ट के अंतर्गत ग्रामीणों की सहमति के बगैर कर लिया गया है। 15 ग्रामीणों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति ने मुआवजा की राशि को प्राप्त नहीं किया है। मुआवजा राशि का निर्धारण 2016 की कीमतों पर हुआ है जिससे भी ग्रामीण असंतुष्ट थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्हें जमीन के बदले नौकरी का आश्वासन दिया गया था, किंतु इस दिशा में भी एसईसीएल ने कोई प्रयास नहीं किया है। बुधवार को हुए संघर्ष के बाद गांव के करीब 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें 7 महिलाएं हैं। इनमें 1 नाबालिग भी है। ग्रामीणों का आरोप है कि जो लोग संघर्ष में शामिल नहीं थे उन्हें भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम परसोडीकला पंचायत भवन के समीप कांग्रेस जांच दल से बात करते हुए महिलाएं रो रही थी। जांच दल से बात करते हुए महिलाएं बार-बार यह निवेदन कर रही थी कि सरकार को संदेश दे कि वो भले ही फ्री राशन बंद कर दे, महतारी वंदन में 1000 रुपए देना बंद कर दे लेकिन उनकी जमीन और घर को न उजाडे। ग्रामीणों से चर्चा के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि इस अधिग्रहण के विरुद्ध पूरे गांव की एकजुटता आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने इस मामले को न्यायालय में ले जाने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों से यह भी निवेदन किया कि इस मामले में आक्रोशित होकर हिंसक कार्रवाई न करें। साथ ही उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा में उनसे यह भी निवेदन किया कि प्रशासन आमजन की सेवा के लिये है उसे कंपनियों के लठैतों की तरह बर्ताव नहीं करना चाहिये। उन्होंने प्रशासन से संवेदनशीलता बरतने के साथ ही गिरफ्तार ग्रामीणों को रिहा करने का भी अनुरोध किया। पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने सरगुजा में खनन के नाम पर हो रहे विनाश पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार आयी है तबसे अमेरा, हसदेव और मैनपाट में खनन के नाम पर स्थानीय निवासियों के साथ ज्यादतियां की जा रही है। ऐसा लगता है कि सरकार का लक्ष्य आमजन का हित न होकर पूंजी लाभ हो गया है। जांच दल के साथ अम्बिकापुर विक्रमादित्य सिंह, ग्रामीण कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विनय शर्मा, अमित सिंह, मो. इस्लाम, रामविनय सिंह, अनूप मेहता, गुरुप्रीत सिद्धू, जमील खान, लोकेश कुमार, विकल झा, प्रकाश सिंहदेव, सौरभ फिलिप, अविनाश कुमार, अमित सिंह, विरेन्द्र सिंहदेव आदि भी मौजूद थे।

- कहा- ग्रामीण अधिग्रान के खिलाफ एकजुट

### सरकार जिनकी प्रतिनिधि है उन पर लाठियां बरसा रही : सिंहदेव

इस मामले को लेकर ट्वीट करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा है कि सरकार जिनकी प्रतिनिधी है वो उन्हीं पर लाठियां बरसा रही है। ग्राम परसोढीकलां में गुजरात की एक निजी कंपनी से सरकारी कंपनी के खदान का उत्खनन कराया जा रहा है और विरोध करने वाले ग्रामीणों पर पुलिस लाठीचार्ज कर रही है। यही गुजरात मॉडल है, जिसे देख वाराणसी और अयोध्या में भी देख रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के रोजगार और संसाधनों पर बाहर की कंपनियों और लोगों का कब्जा कराया जा रहा है और स्थानीय समुदाय की अनदेखी कर दी गई है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा है कि सरकार का काम जनता की रक्षा करना है, उन पर लाठियां चलाना नहीं। छत्तीसगढ़ के लोगों के हक, जमीन और भविष्य का इस तरह दमन नहीं किया जा सकता।

## एग्री स्टैक पंजीयन के लिए शिविर 5 से, ऑनलाइन की जाएगी प्रविष्टि

**अम्बिकापुर**। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत सरगुजा जिले में एग्रीस्टैक में पंजीकृत किसानों के खसरा विवरण में बड़ी संख्या में यूएफआर (अपडेटिंग फार्मर रिकॉर्ड ) आवेदन लंबित पाए गए हैं। जिले में वर्तमान में कुल 45,187 खसरे यूएफआर हेतु लंबित हैं। जिलेवार एवं तहसीलवार लंबित खसरों का विस्तृत ब्यौरा प्रशासन द्वारा जारी किया गया है। कलेक्टर ने इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों, समितियों, सीएससी सेंटरों, पटवारियों एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 5 से 8 दिसंबर तक प्रत्येक समिति स्तर पर विशेष शिविर-कैम्प आयोजित किए जाएं। इन शिविरों में किसानों के लंबित खसरों की शत-प्रतिशत ऑनलाइन प्रविष्टि कर पूर्ण कराना अनिवार्य होगा। जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में चार दिवसीय शिविर आयोजित होगा। जिसमें किसानों को अधिक से अधिक संख्या में शिविरों तक पहुंचकर अपना एग्रीस्टैक रकबा संशोधन करा सकते हैं। प्रत्येक शिविर में संबंधित पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की प्रतिदिन उपस्थिति अनिवार्य होगी। सीएससी एवं समितियों के सहयोग से ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य त्वरित गति से किया जाएगा। बता दें कि तहसीलवार लंबित खसरा संख्या में लखनपुर 9635, उदयपुर 2540, मैनपाट 7435, दरिमा 3237, धौरपुर 9293, सीतापुर 5772, अम्बिकापुर 2820 और बतौली 4455 कुल 45,187 खसरा लंबित है जिसे चार दिवसीय शिविर के माध्यम से ऑनलाइन प्रविष्ट किए जाएंगे।



# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में की गई नए इलेक्ट्रिक व्हीकल की सुविधा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अब गंभीर मरीजों को एक विभाग से दूसरे विभाग तक स्ट्रेचर में जाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। अस्पताल में मरीजों को शीघ्र और सुरक्षित तरीके से स्थानांरित करने के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल उपलब्ध हो गई है। गुरुवार को इस व्हीकल सेवा का मेडिकल कॉलेज के डीन व अधीक्षक ने उद्घाटन किया।

- पूजा पाठ के साथ किया गया शुभारंभ

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में गंभीर मरीजों को एमसीएच से मुख्य अस्पताल भवन अथवा अन्य विभागों में जांच के लिए लाने ले जाने के लिए स्ट्रेचर का उपयोग किया जाता है। ऑक्सीजन पाइप लाइन के साथ मरीजों को स्ट्रेचर पर सड़क पार कराना काफी खतरनाक होता है इसके साथ ही मरीज की परेशानी भी बढ़ जाती है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन द्वारा मरीजों को शीघ्र व सुरक्षित तरीके से स्थानांतरित करने के लिए एक नए इलेक्ट्रिक व्हीकल की खरीदी की गई है। बुधवार को अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम, संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. रमेशचंद्र आर्या एवं सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद इस नई सुविधा का शुभारंभ किया गया। इस दौरान डीन डॉ. मेश्राम ने बताया कि यह आधुनिक वाहन विशेष रूप से गंभीर मरीजों को एक वार्ड से दूसरे वार्ड तथा आपातकालीन सेवाओं से संबंधित अन्य विभागों तक तेजी और सुगमता से पहुंचाने के उद्देश्य से उपलब्ध कराया गया है। नए ई-व्हीकल का संचालन प्रारंभ होने से अस्पताल की आपातकालीन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ता प्राप्त होगी तथा मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण बढ़त मिलेगी। अस्पताल प्रबंधन का यह प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक प्रमुख कदम है।

# मारपीट और उत्पात मचाने वाले 6 चढ़े पुलिस के हत्थे, अब तक 19 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



शादी समारोह में हुए विवाद के बाद हुई मारपीट और युवकों द्वारा उत्पात मचाने के मामले में पुलिस व प्रशासन ने कार्रवाई की है। मारपीट की घटना के सांप्रदायिक रंग लेने के बाद पुलिस ने इस मामले में छह अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अब तक कुल 19 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इधर प्रशासन ने आरोपियों के अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाकर उसे नष्ट कर दिया है।

बता दें कि शादी समारोह के दौरान उरांवपारा और रायकेरा टोकोपारा के युवकों के बीच हुए मामूली विवाद ने मारपीट और साम्प्रदायिक झगड़े का रूप ले लिया था। मामूली विवाद के बाद 1 दिसम्बर की रात वार्ड क्रमांक 14 में दो दर्जन से अधिक लोगों ने घुसकर गाली गलौज, मारपीट और दहशत फैलाने का काम किया था। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश भड़क उठा था और उन्होंने देर रात को ही एनएच 43 पर चक्का जाम कर दिया था जबकि अगले दिन फिर से धरना प्रदर्शन-चक्का जाम किया था। मौके पर पहुंचे विधायक राम कुमार टोप्पो, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ था। इस मामले में पुलिस में पुलिस ने हीरालाल कुजूर, छोटू खान, आशिक खान, सुहेल खान, जावेद अहमद, शाबीर हसन, अतीक खान, कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था जबकि इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने अब मामले में रायकेरा टोकोपारा निवासी 26 वर्षीय हसरत उल्लाह खान आ. जाहिर उल्लाह खान, महामाया पारा निवासी 21 वर्षीय महकूं आलम आ. हनीम खालिद, टोकोपारा निवासी वाजिद खान आ. जब्बीर खान, 21 वर्षीय आसिफ खान उर्फ निक्कू आ. स्व. शब्बीर खान, ग्राम कैसा निवासी 28 वर्षीय ज्वाला दास महान उर्फ बिट्टू आ. अंबिका दास महंत व कराबेल निवासी 23 वर्षीय चंदन दास आ. नकुल दास को भी बीएनएस की धारा 296, 351(2), 115(2), 191(1), 191(3), 190, 331(7), 152,61 व एसटी-एससी एक्ट की धारा 3(2), (5)(क) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके साथ ही आरोपियों से घटना में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर व बाइक बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सीआर चंद्रा, उनि अखिलेश सिंह, थाना प्रभारी बतौली सीपी तिवारी, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, आरक्षक मनीष सिंह, राहुल केरकेट्टा, रमेश राजवाड़े, रमन मंडल, राहुल सिंह, अमीत विश्वकर्मा, नितिन सिन्हा सक्रिय रहे।

### जारी किया गया नोटिस

मामूली विवाद के बाद की गई मारपीट के मामले में अब लोगों की मांग को देखते हुए प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान प्रशासन ने बुलडोजर की कार्रवाई करते हुए सोनतराई चौक पर सड़क किनारे स्थित बिरयानी के ठेले को तोड़ते हुए उसे कब्जे में ले लिया है। इसके अलावा नए बसस्टैंड में मौजूद दो दुकानों को भी सील कर दिया गया है। इस घटना के आरोपी महफूज आलम के घरवालों को नगर पंचायत द्वारा नोटिस जारी करते हुए शासकीय भूमि पर बनाए गए घर के दस्तावेज पेश करने को कहा गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई से दहशतगर्दों में हड़कंप मच गया है।

### हटाये गए थाना प्रभारी सीआर चंद्रा

उरांव पारा में दो गुटों के बीच हुए मारपीट के बाद निर्मित साम्प्रदायिक तनाव की चपेट में थाना प्रभारी आ गए। पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने इस मामले में लापरवाही बरतने पर थाना प्रभारी सी आर चंद्रा को लाइन अटैच कर दिया है। उनकी जगह उपनिरीक्षक अखिलेश सिंह को सीतापुर थाने का थाना प्रभारी बनाया गया है। थाना प्रभारी का दायित्व मिलते ही अखिलेश सिंह ने सीतापुर आकर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।


**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## बरबसपुर प्रधान पाठक को मिला नोटिस

**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला बरबसपुर संकुल बरबसपुर में विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाने के मामले पर जिला शिक्षा अधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए प्रधान पाठक रघुनाथ प्रसाद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रकाशित खबर के अनुसार 26 नवंबर को विद्यालय परिसर में विवाह समारोह आयोजित किया गया, इसके बाद प्रांगण में भारी मात्रा में कचरा और डिस्पोजल सामग्री फैली हुई मिली तथा सफाई की जिम्मेदारी निभाने में आयोजनकर्ता पूर्णतः विफल रहा। इस पूरे आयोजन की अनुमति किस अधिकारी से प्राप्त की गई या प्रधान पाठक द्वारा स्वयं स्वीकृति दी गई। इस पर स्पष्टीकरण मांगते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने दो दिवस के भीतर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय में जवाब प्रस्तुत न करने अथवा जवाब संतोषजनक न पाए जाने की स्थिति में प्रधान पाठक के विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी, जिसकी पूर्ण जवाबदेही स्वयं उनकी होगी। प्रशासनिक स्तर पर इस घटना को शिक्षण संस्थानों के नियमों की अवहेलना मानते हुए कड़ाई से लिया जा रहा है।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस 8 को

**बैकुण्ठपुर।** 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस है, लेकिन रविवार को शासकीय अवकाश होने के कारण 8 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह 11 बजे सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि यह दिवस भारतीय सेना, अर्द्धसैनिक बलों, शहीदों, दिव्यांग सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण को समर्पित है। प्रतिवर्ष मनाए जा रहे इस दिवस के माध्यम से सैनिकों के हित में महत्वपूर्ण धनराशि जुटाई जाती है। झंडा दिवस पर युद्धों में हताहत हुए सैनिकों के पुर्नवास, उनके परिवारों की सहायता और सेना में तैनात जवानों के कल्याण में उपयोग होता है। देश की सीमाओं पर सुरक्षा देने वाले सैनिक आपदा, बाढ़, भूकंप व महामारी के समय भी जनसेवा में अग्रणी रहते हैं। झंडा दिवस के अंतर्गत दिया गया दान आयकर की धारा 80-सी के अंतर्गत करमुक्त है। प्रशासन ने अधिक से अधिक सहयोग कर सैनिक परिवारों के सम्मान व कल्याण में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

## युवक से मारपीट थाने में शिकायत दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** युवक से मामूली बात पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट



करने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार शिकायतकर्ता ललित सिंह निवासी गदबदी थाना बैकुंठपुर ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिवस 1 दिसंबर को वह अपनी बाइक से बड़गांव स्थित राइस मिल बैकुंठपुर होते जा रहा था कि अपरान्ह 4:30 बजे जैसे ही वह ग्राम चेर अमिता फ्यूल्स के पास मुख्य मार्ग में खड़ा था ,तभी एक मोटर सायकल चालक मेरे बाइक से टकराकर वह गिर गया और वह उठकर वहां से चला गया, तभी ग्राम चेर निवासी राहुल राजवाड़े मेरे पास आया और मुझे ठीक जगह पर गाड़ी खड़ा नहीं करना कहकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट किया। इस मामले में शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया।

## जेल परिरूद्ध बंदियों के लिए जागरूकता शिविर

**बैकुण्ठपुर।** जिला जेल बैकुंठपुर में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा के अवसर पर जेल प्रशासन बैकुंठपुर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बैकुंठपुर के मार्गदर्शन में जेल परिरूद्ध बंदियों के लिए एचआईव्ही एड्स से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही स्वास्थ्या परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. योगेन्द्र चौहान, डॉ.बलवंत सिंह एवं डॉ. रामकृष्ण यादव के द्वारा जेल के 47 बंदियों को स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### तहसीलदार व विभागीय टीम ने की कार्रवाई

# छिंदिया धान खरीदी: 254 बोरी अवैध धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में अवैध धान परिवहन और जमाखोरी पर जिला प्रशासन की सतत निगरानी के बीच गुरूवार को धान खरीदी केन्द्र छिंदिया में बड़ी कार्रवाई की गई। केन्द्र में नीरज कुशवाहा द्वारा धान की बोरी फड़ के अंदर लाते हुए पाए जाने पर तत्काल जांच की गई। मौके पर पहुंचे तहसीलदार पटना, सहायक पंजीयक, खाद्य निरीक्षक पटना तथा खाद्य एवं राजस्व विभाग के अधिकारी द्वारा विस्तृत जांच की गई।

जांच के दौरान श्री कुशवाहा का कथन लिया गया, जिसमें महत्वपूर्ण खुलासा हुआ कि खरीदी केन्द्र के पास स्थित सोनसाय के मकान में कुल 254 बोरी धान रखा गया था। इनमें से 24 बोरी धान को नीरज कुशवाहा द्वारा केन्द्र में खरीदे गए धान के स्टैक में मिलाया गया था। शेष 230 बोरी धान वही मकान में भंडारित पाया गया। जांच दल ने तत्काल



कार्रवाई करते हुए सभी 254 बोरी धान को जब्त कर सीलबंद कर दिया तथा इसे धान खरीदी केन्द्र छिंदिया के खरीदी प्रभारी रवि कुमार साहू की सुपुर्दगी में सौंपा गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, फर्जी बिक्री या अवैध संचयन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### धान खरीदी प्रभारी ने कलेक्टर से की शिकायत

धान खरीदी केन्द्र सरभोका के खरीदी प्रभारी ने कलेक्टर को शिकायत देकर इस समिति के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अनियमिता किए जाने की शिकायत कलेक्टर को देकर स्वयं को धान खरीदी केन्द्र सरभोका से हटाने की मांग की। शिकायत में धान खरीदी प्रभारी समिति सरभोका ने उल्लेख किया है कि इस समिति के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मनमानी ढंग से वारदाना को मनमानी ढंग से किसानों को घर में ले जाने दिया जाता है और किसानों के द्वारा समिति में धान घर से ही भर कर लाते हैं और बिना तौल पल्टी कर सीधे स्केटिंग कराया जा रहा है। मेरे द्वारा बार बार कहने पर भी अध्यक्ष नहीं मानते और मुझसे भी विवाद करते हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि फड वारदाना गोदाम, धान स्टेक में भी अपने व्यक्तिगत कर्मचारियों को रखकर उनसे अवैध कार्य कराया जा रहा है,ऐसे में धान खरीदी केन्द्र में किसी भी प्रकार की कभी हानि होने पर धान खरीदी प्रभारी की जवाबदेही तय होती है। शिकायतकर्ता ने अपने शिकायत में उल्लेख किया कि धान खरीदी में किसी भी की कमी पाई जाती तो उसके लिए समिति के प्राधिकृत अधिकारी की संपूर्ण जवाबदारी होगी और आगामी धान खरीदी के लिए वर्तमान व्यवस्था के तहत मैं प्रभारी के रूप में धान खरीदी केन्द्र सरभोका में कार्य करने में पूर्ण रूप से असमर्थ हूं।

### सभी उपार्जन केन्द्रों से 14 हजार क्विंटल हुई धान खरीदी

**मनेन्द्रगढ़।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में छग सरकार के ऐतिहासिक निर्णय ने किसानों को वह सम्मान और भरोसा दिया है, जिसकी प्रतीक्षा वे वर्षों से कर रहे थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी और 3100 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य ने कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा, विश्वास और आर्थिक मजबूती प्रदान की है। इस पारदर्शी खरीदी व्यवस्था से किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है, ग्रामीण बाजारों में रौनक बढ़ी है, कृषि उपकरणों की खरीद में तेजी आई है, पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति सुगम हुई है और किसान आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा होने से पारदर्शिता और त्वरित आर्थिक लाभ सुनिश्चित हुआ है।

### जिले के 25 उपार्जन केन्द्रों में आज सुचारू खरीदी

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सभी 25 उपार्जन केन्द्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान खरीदी प्रक्रिया गुरूवार को बेहद सुचारू और सफल रही। कुल 310 टोकन दर्ज किए गए, जिनमें से 255 समिति द्वारा तथा 55 टोकन ऐप के माध्यम से जारी किए गए। 4 नवंबर को कुल 14969.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई, इसमें समिति द्वारा खरीदी 12074.40 क्विंटल, टोकन ऐप से खरीदी 2894.80 क्विंटल, उपार्जन केन्द्रवार खरीदी का विवरण, कछौड़ 5 टोकन 261.20 क्विंटल ,कमर्जी 8 टोकन 384.00 क्विंटल, केल्हारी 18 टोकन 1069.60 क्विंटल, कोटाडोल 13 टोकन 357.20 क्विंटल, रांपा 7 टोकन 225.60 क्विंटल, कटकोना 12 टोकन 610.40 क्विंटल, कोड़ा 17 टोकन 947.60 क्विंटल, कौड़ीमार 16 टोकन 752.00 क्विंटल, खड़गवां 16 टोकन 791.40 क्विंटल, बरदर 12 टोकन 596.80 क्विंटल, रतनपुर 9 टोकन 451.20 क्विंटल, सिंगहत 4 टोकन 245.20 क्विंटल, कंजिया 10 टोकन 488.00 क्विंटल, कुवांरपुर 17 टोकन 845.20 क्विंटल, घुटरा 10 टोकन 432.80 क्विंटल, कठौतिया 9 टोकन 434.00 क्विंटल, चैनपुर 16 टोकन 612.40 क्विंटल, बंजी 9 टोकन 516.40 क्विंटल, जनकपुर 12 टोकन 905.40 क्विंटल, बहरासी 9 टोकन 406.00 क्विंटल, डोड़की 15 टोकन 743.60 क्विंटल, नागपुर 10 टोकन 441.80 क्विंटल, बरबसपुर 14 टोकन 569.60 क्विंटल, माड़ीसरई 21 टोकन 919.20 क्विंटल, सिंगरौली 21 टोकन 962.60 क्विंटल धान की खरीदी गई।

## अमीन पद भर्ती के लिए परीक्षा 7 को




**बैकुण्ठपुर।** आगामी 7 दिसंबर को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निर्धारित केन्द्रों में व्यापम द्वारा आयोजित अमीन भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा जल संसाधन विभाग में अमीन के रिक्त पदों की भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, इसके लिए व्यापम को परीक्षा संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा व्यापम के निर्देशों अनुसार शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारी में जुट गई है। व्यापम द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से अमीन भर्ती परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षार्थियों के लिए भी व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिसका पालन करने की अपेक्षा परीक्षार्थियों से की गई है।

### परीक्षार्थियों की गहन तलाशी

मिली जानकारी के अनुसार आगामी अमीन भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को गहन तलाशी से गुजरना होगा। व्यापम के निर्देश के अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर दो घंटे पूर्व आना होगा एवं परीक्षा शुरू होने के आधा पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जाएगा, इसके पश्चात आने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश वर्जित रहेगा, इसके अलाव परीक्षार्थियों को यह भी सलाह दी गई है कि एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र का अवलोकन कर ले, ताकि परीक्षा दिवस किसी तरह की कोई परेशानी परीक्षा केन्द्र ढूंढने में न लगे।

### हल्के रंग के कपड़े पहनने की सलाह-

व्यापम के निर्देशों के अनुसार आगामी 7 दिसंबर को होने वाले अमीन भर्ती परीक्षा लिए परीक्षार्थियों को हल्के रंग के कपडे पहनकर आने की सलाह दी गई है, साथ ही गहरे कलर वाले कपड़ों के साथ फूल स्लीव शर्ट भी वर्जित होगा, इसके अलावा महिला अभ्यर्थियों को सीमित जेवर पहने की सलाह दी गई है। वहीं धार्मिक पोषाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर समान्य निर्धारित समय से पहले आने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान 11 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराया जा रहा है। आयोग द्वारा पूर्व में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रमों की तिथियों में संशोधन करते हुए समय-सीमा बढ़ाकर नवीन संशोधित तिथि जारी किया गया है।

छग के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की शुरूआत 4 नवंबर से हो चुकी है। इसी क्रम में कोरिया जिले में भी यह अभियान तेज गति से जारी है। जिले के सभी मतदान केन्द्रों में नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का विवरण अद्यतन हो सके। भारत निर्वाचन आयोग ने इस विशेष पुनरीक्षण के लिए 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि के रूप में निर्धारित किया है। इससे 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने

- **निर्वाचन आयोग ने जारी की संशोधित तिथि**

वाले युवाओं के लिए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। संशोधित तिथि के अनुसार मतदाताओं से गणना पत्रक प्राप्त करने की तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर तक किया गया है। मतदाता सूची का प्रारंभिक (प्रारूप) प्रकाशन 16 दिसंबर को किया जाएगा और इसी के साथ दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्रवाई भी शुरू हो जाएगी।

दावा आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक निर्धारित किया गया है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा। ऑफलाइन, बीएलओ के माध्यम से फॉर्म भरकर जमा करें, ऑनलाइन के तहत एकिनेट मोबाइल ऐप अथवा वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट गर्वमेंट डॉट इन वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। किसी भी समस्या के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 1950 उपलब्ध है। एकिनेट ऐप में बुक ए कॉल विथ बीएलओ फीचर से सीधे बीएलओ से संपर्क की सुविधा। जिला एवं तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क और आईटी डेस्क कार्यालय समय में सहायता के लिए सक्रिय हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के नागरिकों से पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

### मोटरसायकल की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** मोटरसायकल की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा पुलिस थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद जाबीर निवासी बलौदा द्वारा 3 दिसंबर को थाना बलौदा उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 2 दिसंबर को अपनी बजाज प्लेटिना को घर के सामने खडी कर खाना खाकर सो गया था। उसका मोटर सायकल बजाज प्लेटिना क्रमांक सीजी-11-बीक्यु-3169 कीमत 60 हजार को अज्ञात चोर चोरी करके ले गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बलौदा में धारा 303(2) भा.न्या.सं. कायम कर विवेचना में लिया गया। मुखबिर से सूचना मिली कि अभिषेक कुमार भारद्वाज बाइक को बेचने के फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। पूछताछ में उसने रात्रि में सगाई मंदिर बलौदा के पास से बाइक को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के विरूद्ध सबूत पाये जाने से आरोपी को 3 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर जिला स्तरीय समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के अमृत सदन सभाकक्ष में जिला स्तरीय दिव्यांग समारोह का भव्य, भावनात्मक और उत्साहपूर्ण आयोजन हुआ।

भरतपुर, मनेन्द्रगढ़ और खड़गवां तीनों विकासखंड़ों से काफी संख्या में दिव्यांगजन शामिल हुए और पूरे सभागार में आत्मविश्वास, सम्मान और संवेदनाओं की अनूठी ऊर्जा साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती जानकी बाई खुसरो, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता सिंह, रामजीत लकड़ा, समाज कल्याण विभाग की प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा तथा जनपद सीईओ सुश्री



वैशाली सिंह उपस्थित रहीं। सभा को संबोधित करते हुए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के इस अर्थपूर्ण आयोजन में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी दिव्यांग भाई-बहनों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन केवल सहायता अथवा दया के पात्र नहीं, बल्कि संघर्ष, साहस और प्रेरणा के प्रतीक हैं। जीवन की परिस्थितियों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने की उनकी शक्ति समाज को यह संदेश देती है कि इच्छाशक्ति के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। उन्होंने बताया कि छग सरकार दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के लिए दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति, कौशल विकास प्रशिक्षण, रोजगार प्रोत्साहन योजना और आरक्षण जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं पूरी प्रतिबद्धता के साथ चला रही है।

## बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने कलेक्टोरेट स्टाफ को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग

**बैकुण्ठपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार समस्त शासकीय कार्यालयों में आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाने के लिए कलेक्टर कार्यालय कोरिया में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को सेल्फ रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पोर्टल का उपयोग, मोबाइल एप्लीकेशन आधारबेस एवं आधार फेसरेड की इंस्टॉलेशन और संचालन का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। नियुक्त नोडल अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर लॉग-इन कर सेल्फ रजिस्ट्रेशन के लिए आए हुए यूजर्स को एक्टिवेट किया गया, इसके बाद वे आधार-सक्षम प्रणाली से अपनी उपस्थिति दर्ज करने में सक्षम हो गए। ट्रेनिंग के दौरान संपूर्ण प्रक्रिया कर्मचारियों को इस प्रकार समझाई गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी कठिनाई न आए। इस अवसर पर सबसे पहले जिले की कलेक्टर का पोर्टल पर सेल्फ रजिस्ट्रेशन किया गया और नई प्रणाली के माध्यम



से उनकी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इस व्यवस्था का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार कलेक्टोरेट के सभी कर्मचारियों को इस नई प्रक्रिया की विस्तृत ट्रेनिंग दी गई, ताकि आगे से प्रत्येक कर्मचारी इसी पद्धति से अपनी उपस्थिति दर्ज कर सके। यह प्रशिक्षण जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुखदेव पटेल द्वारा प्रदान किया गया। प्रशासन का मानना है कि आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और तकनीकी रूप से सक्षम बनेगी।

### नियम उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी ने कड़ा रूख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि हाल ही में समाचार पत्रों और मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से यह पाया गया कि जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों के भवन एवं प्रांगण में बिना सक्षम प्रशासकीय अनुमति के निजी विवाह, जन्मदिन तथा अन्य उत्सवों के आयोजन किए जा रहे हैं। यह भी देखा गया कि कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय प्रांगण में कचरा एवं गंदगी छोड़ दी जाती है, जिससे शाला परिसर का वातावरण दूषित होता है और अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## अवैध रेत परिवहन में तीन वाहन जब्त



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में अवैध खनन और गौण खनिजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए खनिज विभाग ने अवैध रेत परिवहन कर रहे चालकों पर कार्रवाई किया है। तहसील पटना क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते पाए गए तीन वाहनों को मौके पर ही जब्त किया गया।

गश्त के दौरान जब्त किए गए वाहनों को तत्काल प्रभाव से कब्जे में लेकर पटना थाना में अभिरक्षा में रखा गया है। सोल्ड स्वराज ट्रैक्टर-वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जबकि सोल्ड महिन्द्रा वाहन के मालिक मुक्कू तथा सोल्ड स्वराज वाहन के मालिक जय प्रकाश साहू के विरूद्ध छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए नियमित निरीक्षण और कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### आज न्यूनतम तापमान में होगी कमी

# चक्रवाती प्रभाव के कारण ठंड में ज्यादा तेजी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में ठंड का कहर जारी है। वर्तमान में सुबह-शाम ढलने के बाद तेज ठंड का असर है। इसी बीच मौसम विभाग ने 5 दिसंबर को न्यूनतम तापमान में गिरावट होने का अनुमान लगाया है। जानकारी के अनुसार शहर में गुरूवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री तथा न्यूनतम 8 डिग्री दर्ज की गई थी।

इसी तरह 5 दिसंबर को अधिकतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी होकर अधिकतम तापमान 26 डिग्री रहने का अनुमान है, लेकिन आज शुक्रवार को मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस होने का अनुमान है। वहीं 6 दिसंबर को अधिकतम तापमान 26 डिग्री होगी और न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी होगी। चक्रवाती प्रभाव के कारण अभी कुछ दिनों तक अधिकतम



क्षेत्र में छाया रहा कोहरा।

तापमान में ज्यादा उतार चढ़ाव नहीं होगा, इसके बाद फिर जिले में ठंड की तेज रफ्तार होगी, तब लोगों को कड़ाके की ठंड के असर का सामना करना पड़ सकता है। वर्तमान में सुबह के कुछ घंटों तक ठंड का असर रहता है, वहीं दिन में धूप निकलने के कारण अधिक ठंड का असर नहीं होता, लेकिन शाम ढलने के बाद फिर कंपकंपी ठंड का असर होने लगा है। कुछ दिनों बाद दिन व रात के तापमान में गिरावट होना शुरू होगा, इससे जिले के लोगों को तेज ठंड के असर का सामना करना पड़ सकता है। मौसमी बीमारी के मरीज बढ़-ठंड के बढ़ने के साथ ही सर्दी जुकाम के साथ बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### मैदानी व पठारी क्षेत्रों में ठंड का असर ज्यादा

चक्रवाती प्रभाव के कारण भले ही अधिक ठंड का सामना अभी नहीं करना पड़ रहा है, लेकिन इसके बाद जिले में दिन व रात के तापमान में गिरावट होने लगेगी और तेज ठंड का असर होगा। वहीं वर्तमान में जिले के मैदानी एवं पठारी क्षेत्रों में अभी से ही तेज ठंड के असर का सामना करना पड़ रहा है। ठंड के बचने के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। इस मौसम में बच्चों एवं बुजुर्गों को ठंड से अधिक बचाव करने की जरूरत होती है।

### शिक्षार्थी आंकलन का आयोजन 7 को

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यकम अंतर्गत 7 दिसंबर को आयोजित शिक्षार्थी आंकलन के सफल कियान्वयन के लिए विकासखंड़ बैकुंठपुर एवं सोनहत में कुल 303 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। उल्लास साक्षरता केन्द्र में अध्ययन अध्यापन कार्य 200 घंटे पूर्ण कर चुके शिक्षार्थी जिनकी कुल संख्या 7049 है जिनकी परीक्षा 7 दिसंबर को प्रातः 10 से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें कुल परीक्षा केन्द्र 303 बनाए गए हैं। 303 केन्द्राध्यक्ष, 171 पर्यवेक्षक सह मूल्यांकर्ता, जिला एवं विकासखंड़ स्तर पर परीक्षा केन्द्रों का मॉनिटरिंग करने के लिए आदेश, कंट्रोल रूम प्रभारियों की नियुक्ति किया जा चुका है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष कार्यकारिणी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के द्वारा प्रचार-प्रसार, घर-घर संपर्क, कोटवार द्वारा मुनादी कराएं जाने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही कलेक्टर के द्वारा अपील पंपलेट जनप्रतिनिधियों के द्वारा वीडियों बनाकर सोशल मीडिया में प्रसारित किया गया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ में रमन को मिली प्रदेश सह-संयोजक की जिम्मेदारी



**रामानुजगंज।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ में रामानुजगंज नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल को प्रदेश सह-संयोजक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। रमन अग्रवाल पिछले तीन दशकों से भाजपा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की थी, जहां वे महाविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष रहे। संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए उन्हें युवा मोर्चा में विभिन्न दायित्व सौंपे गए। वर्ष 2004 में जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने के बाद वे दो बार नगर पंचायत रामानुजगंज के अध्यक्ष रहे तथा वर्तमान में नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे तथा संगठन की मजबूती के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे।

### रासेयो एवं यूनिसेफ ने ग्राम शिवपुर में चलाया जागरूकता अभियान




**रामानुजनगर।** ग्राम शिवपुर में यूनिसेफ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आज संयुक्त रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर के स्वयंसेवकों ने प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र तथा ग्रामीणों को हाथ धुलाई, स्वच्छता, गुड टच-बैड टच, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य, लैंगिक हिंसा, भ्रूण हत्या और बाल विवाह जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, परिचर्चा, स्लोगन और शपथ के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस ग्राम संपर्क अभियान में शाउमावि रामानुजनगर की रासेयो इकाई के 12 स्वयं सेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एवं पर्यवेक्षण कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार शर्मा द्वारा किया गया। ग्रामीणों ने इस जागरूकता पहल की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## हेल्थ प्लस

### विद्या डायग्नोस्टिक सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 7 को




**अम्बिकापुर।** नगर के दर्रीपारा में संचालित विद्या डायग्नोस्टिक एवं सुपर स्पेशलिटी सेंटर में 7 दिसम्बर रविवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ डॉ. संजीत जायसवाल (इंडोक्राइन विशेषज्ञ) द्वारा शुगर, थायराइड, मोटापा एवं हार्मोन संबंधित जांच की जाएगी। संचालक डॉ. विवेक कुमार केशरी (रेडियोलॉजिस्ट) ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह 10 से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा एवं हमारे यहां सोनोग्राफी, सिटी स्कैन, एक्स-रे, कलर डॉपलर, ईसीजी, ईईजी, स्पायरोमेट्री ऑडियोमेट्री, पैथोलॉजी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध है।

## गिरदावरी किसानों के लिए बनी आफत, बढ़ी परेशानी

# गिरदावरी में की गई गड़बड़ी से सैकड़ों किसानों का रकबा कागजों से गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

गिरदावरी में बरती गई लापरवाही व की गई गड़बड़ी ने न सिर्फ किसानों की परेशानी बढ़ा दी है बल्कि किसान तहसील कार्यालय सहित आरआई व पटवारी के चक्कर लगाने को मजबूर है।

**खास बात**
- लगा रहे तहसील कार्यालय सहित पटवारी के चक्कर

आलम यह है कि किसान खेत में पकी फसल को खलियान तक लाने के बजाय गिरदावरी में की गई गड़बड़ी से सरकारी दस्तावेज से गायब हुए रकबा को सुधरवाने में जुटे हुए है। इधर समय पर उपार्जन केन्द्र में धान नहीं बिक्री करने से किसानों में काफी आक्रोश है और अब किसान आंदोलन करने की तैयारी में है।

प्रतापपुर ब्लॉक सहित नगर के किसानों के लिए इस बार की गई गिरदावरी किसी आफत से कम साबित नहीं हुई। खेतों में पूरी तरह तैयार खड़ी धान की फसल के बावजूद सरकारी रिकॉर्ड में सैकड़ों किसानों का रकबा गायब कर दिया गया है। सिस्टम की इस चूक कहे या राजस्व विभाग के अधिकारी पटवारी की लापरवाही ने किसानों को ऐसा दर्द दिया है कि वे रोजाना तहसील कार्यालय से लेकर पटवारी और आरआई के चक्कर लगाने पर मजबूर हैं। पहली बार ऐसा हुआ है कि जिन किसानों की जमीन सेटलमेंट के बाद पिछले कई दशकों से लगातार शासकीय मंडियों में धान बेच रहे थे,उन्हीं खेतों को इस साल गिरदावरी में शामिल ही नहीं किया गया। इससे न केवल किसानों के अधिकार प्रभावित हुए हैं, बल्कि उनकी मेहनत और उत्पादन भी कागजों में ही खत्म कर दिया गया है। किसानों का कहना है कि इस लापरवाही के पीछे गिरदावरी में गंभीर त्रुटियां है। कई ऐसे लोगों का नाम फड़ सूची में जुड़ गया है जिनके खेतों में एक दाना धान भी नहीं लगा। जबकि असली अन्नदाता, जिनकी फसल खेतों में तैयार खड़ी है और अपनी जमीन दर्ज करवाने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।




### किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

गिरदावरी में की गई गड़बड़ी को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है। साथ ही प्रशासन के सुस्त रवैया से परेशान है। स्थिति इतनी चिंताजनक हो चुकी है कि अब किसान खुले तौर पर आंदोलन की चेतावनी देना शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में रकबा सुधार की कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रतापपुर सहित पूरे ब्लॉक में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### उम्मीदों पर फेरा पानी

इस वर्ष किसान धान बेचने को लेकर बेहद उत्साहित थे, लेकिन सरकारी प्रक्रियाओं में अव्यवस्था, तकनीकी खराबी और रजिस्ट्रेशन संबंधी अड़चनों ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। किसानों का कहना है कि इस बार भूमि सत्यापन में कई त्रुटियां सामने आईं। जहां पहले उनका पूर्ण रकबा दर्ज था, वहीं इस बार सिस्टम में रकबा कम दिखाया गया जिससे परेशानी और भी बढ़ गई है।

### समय और पैसा हो रहा बर्बाद

किसानों का आरोप है कि जमीन वही है, लेकिन सिस्टम में रकबा कम दिखाकर सीधा नुकसान किया जा रहा है। तकनीकी खराबी के कारण अब सोसायटी और तहसील के चक्कर में फंस गए है। रकबा सुधरवाने के इस चक्कर में किसानों का समय, पैसा और मेहनत बर्बाद हो रहा है।

### किसानों का भरा जा रहा फॉर्म

पटवारियों द्वारा किसानों के फॉर्म भरकर जिले को भेजे जा रहे हैं। अब तक हमें इस संबंध में कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान इस समस्या को लेकर परेशान हो रहे हैं।

-चंद्रशिला जायसवाल
तहसीलदार प्रतापपुर



## ज्ञानोदय श्रवणबाधित विद्यालय में दिव्यांगजन दिवस मनाया गया


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ज्ञानोदय श्रवणबाधित विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का उद्देश्य समाज में दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना, जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी गरिमा और अधिकारों के संरक्षण हेतु वातावरण तैयार करना है,उन्होंने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 का उल्लेख करते हुए बताया कि यह अधिनियम दिव्यांगजन को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं शोषण-मुक्त जीवन की गारंटी देता है, उन्होंने कहा कि संस्था सदैव दिव्यांगजनों के अधिकारों और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी संकल्प के साथ कार्य करेगी। कार्यक्रम में श्रवणबाधित बच्चों के लिए दो आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़,रस्साकशी तथा बालिकाओं द्वारा आकर्षक आदिवासी लोकनृत्य एवं बालकों द्वारा पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया गया।

विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों के अलावा दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे,इसके अलावा विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सूरजपुर में आयोजित राज्यस्तरीय अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस कार्यक्रम में भी भाग लेकर आकर्षक सांस्कृतिक समूह नृत्य प्रस्तुत किया,बच्चों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प सामग्री का प्रदर्शन स्टॉल भी लगाया गया।

## दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता से पर समाज में अपना स्थान बनाते हैं : राजवाड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रंगमंच में किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया।

- दिव्यांग कुमारी शीतल विश्वकर्मा व ज्ञानोदय के मूक-बधिर बच्चों ने किया शानदार नृत्य प्रदर्शन

कार्यक्रम में दिव्यांग को 10 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 20 ट्राईसाइकिल, 15 व्हील चेयर, 15 जोड़ी बैसाखी, 5 ब्लाईंड स्टिक, 20 छड़ी, 4 नग एमआर किट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग के लिए किया जा रहे उत्कृष्ट कार्य हेतु जिला गरियाबंद को सर्वोत्तम जिले के रूप में सम्मानित किया गया। साथ ही राज्य स्तर समिति द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने हेतु पांच दिव्यांगजनों को चयनित कर सम्मानित किया गया और प्रत्येक व्यक्ति, संस्था को 5001 रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग कुमारी शीतल विश्वकर्मा व ज्ञानोदय के मुक-बधिर बच्चों द्वारा शानदार नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा है कि दिव्यांग अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में अपना स्थान बनाते हैं। यह आत्मविश्वास ही उन्हें विशेष पहचान देता है। छत्तीसगढ़ शासन उन्हें हर स्तर पर प्रोत्साहित करने और सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांग के लिए केंद्र व राज्य शासन दोनों कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री व वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि दिव्यांग समाज की शक्ति हैं, उनकी मजबूती और आत्मविश्वास ही समाज को नई दिशा देता है। विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि 'दिव्यांग के सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं ने उन्हें नए अवसर प्रदान किए हैं। समाज के हर वर्ग का दायित्व है कि वे संवेदनशीलता के साथ दिव्यांगजनों की प्रतिभा को आगे लाने में सहयोग करें। समाज कल्याण विभाग की संचालक श्रीमती रोक्तिमा यादव ने बताया कि प्रदेश में 21 प्रकार की दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांग को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने दिव्यांग के हित में प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यो से अवगत कराया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणि पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, पार्षद, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पूर्व विधायक श्रीमती रजनी त्रिपाठी, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भीम सेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, संदीप अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र पाटले व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित

**राजपुर।** जनपद पंचायत राजपुर में 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जनपद अध्यक्ष विनय भगत एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार दुबे ने किया। राजपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन इस अवसर पर उपस्थित हुए। दिव्यांगजनों का सम्मान पुष्पहार, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। साथ ही उन्हें सहयोगात्मक उपकरणों का वितरण भी किया गया, जिसमें बैटरी चलित ट्राई साइकिल, दो व्हीलचेयर, दो ट्राइसाइकिल एवं आठ छड़ियाँ शामिल थीं। अध्यक्ष विनय भगत ने दिव्यांगजनों के साहस, संघर्ष एवं सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना की और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। जनपद सीईओ संजय दुबे ने कहा कि शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें प्राथमिकता से उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा नेता उदय यादव, पंचायत निरीक्षक फूलमोहन राम, लेखपाल श्यामलाल गुप्ता, जनपद पंचायत राजपुर के अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायतों के सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



### प्राचार्य ने विद्यालय के 18 छात्राओं वितरित किए स्वेटर



**रामानुजनगर।** शीत ऋतु की बढ़ती ठंड को देखते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जरूरतमंद छात्राओं को गर्म कपड़े स्वेटर प्रदान की गई। विद्यालय के प्राचार्य आरएन कुशवाहा द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाली छात्राओं का चिन्हांकन कर कुल 18 छात्राओं को ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर वितरण के दौरान छात्राओं में खुशी थी। बच्चों ने गर्म कपड़े प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की। विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने प्राचार्य द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया M.S.(General Surgery) M.Ch.(Neuro Surgery)
सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरी शंकर सिंह MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU
सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.बी.कुमार MBBS,MD (Medicine) FLPM,Fellowship in Rheumatology
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.आकाश गर्ग MBBS,DNB (MEDICINE)
BLOOD BANK CENTER
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल,द्वारा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
ब्रेन एंजियोग्राफी एंड एंजियोप्लास्टी विशेषज्ञ डॉ.सौरभ जैन MD,DM,(Neurology)FNB (Neurologist)
मनोरोग,नशामुक्ति व सेक्सोलोजिस्ट डॉ.निशांत कुमार साहू एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मनोरोग)
DIGITAL X-RAY FEATURES
07 दिसम्बर 2025, माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 07 दिसंबर 2025, रविवार
डॉ.आकाश गर्ग एमबीबीएस, डीएनबी (मेडिसिन) डीएनबी (गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी) गैस्ट्रो- इंटेस्टाइनल एवं लिवर विशेषज्ञ
डॉ.निहार गुप्ता MBBS, M.S., M.CH (Hematologist) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन MBBS, M.S., M.CH (Neuro Surgeon) न्यूरोसर्जन
डॉ.विनय कुमार ए.वी. एसोसिएट कंसल्टेंट - नेफ्रोलॉजी किडनी रोग विशेषज्ञ

## डेढ़ करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का केबिनेट मंत्री ने किया भूमि पूजन



**बिश्रामपुर/सूरजपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े गुरुवार को मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आयोजित विकास कार्यों के भूमि पूजन कार्यक्रमों में शामिल हुईं।

- अलग अलग ग्राम पंचायतों के विभिन्न कार्यों की नींव रखी गई

इस दौरान उन्होंने ग्रामीण अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु स्वीकृत कुल 157.34 लाख रुपए की लागत वाले निर्माण कार्यों की नींव रखी, मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्राम पंचायत कसकेला में 26.05 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क और नाली निर्माण, ग्राम पंचायत सिलफिली में 76.74 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण,ग्राम पंचायत गणेशपुर में 37.48 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क एवं नाली निर्माण तथा ग्राम पंचायत करमपुर में 17.07 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया, इस दौरान मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति देने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है,इसके माध्यम से सड़क,नाली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है,जिससे न केवल आवागमन में सुगमता आएगी बल्कि गांवों में स्वच्छता और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।

## सड़क मरम्मत में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही जिपं सदस्य ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

**मदनपुर।** एनएच 43 पर सिलफिली से काली घाट तक पेच रिपेयरिंग का कार्य में बरती जा रही लापरवाही और हो रहे घटिया निर्माण को लेकर जिला पंचायत सदस्य ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा तथा गुणवत्ता युक्त सड़क निर्माण कराने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने की चेतावनी दी है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने बताया है कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके का निरीक्षण किया तो पाया कि मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री घटिया है। नियमों का उल्लंघन करते हुए रात्रिकाल में कार्य किया जा रहा है, जिससे काम की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। सड़क पर गड्ढे भी नहीं भरे जा रहे, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई करने तथा पेच रिपेयरिंग कार्य गुणवत्तापूर्ण किए जाने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 7 दिसम्बर 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

(हृदय रोग विशेषज्ञ)
डॉ.अभिषेक कौशले
एम.बी.बी.एस. (सिम्स), एम.डी. (मेडिसिन) एम.जी.एम.एम.सी. इंदौर, डी.एन.बी. (मेडिसिन), एन.बी.ई.न्यू दिल्ली एंड डी.एम. (हृदय रोग) गोल्ड मेडल (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय)
दिनांक - 21 दिसम्बर 2025, रविवार
समय - सुबह 11 से 2.30 बजे तक
हृदय संबंधित रोग के लक्षण
• सीने में दर्द एवं जकड़न • सांस लेने में तकलीफ • चलने में थकान लगना • चक्कर व बेहोशी • पैरों में सूजन • बच्चों में जन्मजात हृदय रोग
एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेसमेकर, सीआरटी
यशोदा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
खरसिया नाका, भारत माता चौक, रिंग रोड श्री लक्ष्मी हॉटल के पास अम्बिकापुर
अधिक जानकारी एवं पंजीयन हेतु संपर्क करें।
07774-319760, 8602490055, 7777879370

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 19 दिसम्बर 2025 दिन -शुक्रवार
सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
दूरबीन से स्पाईन, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध
दिनांक 21 दिसम्बर 2025 दिन - रविवार
लकवा, मिर्गी, झटका सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन रीढ़ की हड्डी की चोट सिर की चोट हाथ-पैर में झुनझुनी
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500, +91 72408 02000
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 दिसम्बर , दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से शाम 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल शाम 3 बजे से 5 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 13 दिसंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक -06 दिसम्बर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समय:- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

## खबर संक्षेप

### बतरा धान खरीदी केंद्र में केबिनेट मंत्री ने कराया हैंडपंप खनन



**बिश्रामपुर।** धान उपार्जन केंद्र बतरा में किसानों को हो रही पेयजल समस्या की खबर हरिभूमि में प्रमुखता के साथ प्रकाशित किए जाने के बाद क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किसानों के हित में हैडपंप खनन कार्य कराकर पेयजल समस्या से राहत दिला दी है,गौरतलब है कि धान खरीदी केंद्र बतरा में किसानों व स्थानीय कर्मचारियों को लंबे से समय से पेयजल संकट की स्थिति से गुजरना पड़ रहा था,इसी तारतम्य में पिछले दिनों जनपद सदस्य कान्ती देवी सिंह मार्को, सरपंच मंजू महेश पैकरा सुदामानगर, सरपंच भगवती शिवशरण पैकरा करसू सरपंच, बसंत सिंह राजकिशोरनगर सरपंच, छोटेलाल सिंह पैकरा सोनपुर,भाजपा नेता महेन्द्र सिंह मार्को ने उपार्जन केन्द्र में पेयजल व्यस्था हेतु पत्र मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को सौंपा था,जिसका हरिभूमि द्वारा प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित किया गया था,तत्पश्चात मामले में संज्ञान लेते हुए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किसानों व आमजन की सुविधा के मद्देनजर हैडपंप खनन कार्य करा दिया है,जिससे अब स्थानीय लोगों को पेयजल संकट की स्थिति से राहत मिल गई है,बता दें कि धान खरीदी केन्द्र बतरा में 17 ग्राम पंचायत के बड़ी संख्या में किसान अपना धान विक्रय करने यहाँ पहुँचते हैं।

### सर्व रविदास समाज के कार्यकारी अध्यक्ष बने बिपता राम



**राजपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व रविदास समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. केएल टांडेकर ने विकासखंड के ग्राम कर्रा निवासी बिपता राम रवि को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। समाज, संगठन के विस्तार व सशक्तिकरण की दिशा में पहल करते हुए यह नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बिपता राम रवि ने इस दायित्व के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के उत्थान, शिक्षा, स्वाभिमान और एकजुटता को बढ़ावा देना उनका प्राथमिक लक्ष्य रहेगा। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में संगठन के हर सदस्य को साथ लेकर समाज के विकास के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। प्रदेशभर से समाज के लोगों ने श्री रवि को इस जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी है।


### विधायक के प्रयासों से नपं और कृषि महाविद्यालय भवन निर्माण को मिली स्वीकृति



**प्रतापपुर।** विधानसभा के लंबे समय से लंबित प्रमुख निर्माण कार्यों को राज्य सरकार ने हरी झंडी दे दी है। यह स्वीकृति विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों का परिणाम मानी जा रही हैं। नगर पंचायत प्रतापपुर में 12 बड़े निर्माण कार्यों के लिए 204.39 लाख रुपये की अंतिम स्वीकृति जारी की गई है, वहीं कृषि महाविद्यालय भवन एवं छात्रावास निर्माण के लिए भी विश्वविद्यालय द्वारा निविदाएं आमंत्रित कर दी गई हैं। नगर पंचायत प्रतापपुर 12 निर्माण कार्यों को 204.39 लाख की अंतिम मंजूरी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार पहले दी गई 250 लाख की प्राविधिक स्वीकृति के बाद अब 12 प्रमुख कार्यों को अंतिम रूप से मंजूरी मिल गई है। जिसमें राजमोहनी देवी चौक 9.94 लाख, भीमराव अंबेडकर चौक 14.95 लाख, भारत माता चौक 12.48 लाख, त्रयंबक शरण सिंह चौक 9.96 लाख, मिनी स्टेडियम हाईमास्ट 49.99 लाख, तालाब सौंदर्यीकरण 27.50 लाख, डोम शेड, पार्क रोड टाइल्स, रैन बसेरा क्षेत्र विकास सहित अन्य कार्य शामिल है। इसके अलावा कृषि महाविद्यालय भवन और छात्रावास निर्माण के लिए निविदा जारी की गई है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर ने प्रतापपुर में कृषि महाविद्यालय 889.53 लाख तथा छात्रावास 602.10 लाख भवन निर्माण हेतु निविदा जारी कर दी है। निर्माण पूरा होने पर प्रतापपुर शिक्षा और कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में तेजी से उभरेगा।


## निधन

### श्याम नारायण पाण्डेय



**अम्बिकापुर।** शहर के बौरीपारा निवासी श्याम नारायण पाण्डेय का निधन 30 नवम्बर को हो गया। वे 87 वर्ष के थे। वे सेंट्रल बैंक के अवकाश प्राप्त शाखा प्रबंधक थे तथा कुछ दिनों से अस्वस्थ रह रहे थे। वे समाजसेवी राजू पाण्डेय के पिता तथा विनायक पाण्डेय के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनक अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्नेही एवं वार्डवासी शामिल हुए।

### श्रीमती सूरज देवी



**अम्बिकापुर।** शहर के ब्रह्म रोड निवासी श्रीमती सूरज देवी का 3 दिसंबर को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थी और लम्बे समय से अस्वस्थ चल रही थी। वे अनूप कुमार सोनी और अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल कुमार सोनी की माता थी। वे अपने पीछे नाती-पोते समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि पुत्र अनिल कुमार सोनी ने दी

# अमृत भारत स्टेशन अभियान के तहत बिश्रामपुर गुड शेड एवं प्लेटफार्म को किया जा रहा अपग्रेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 12 करोड़ रुपये की लागत से रैक पॉइंट प्लेटफार्म की पिचिंग, एप्रोच सड़क का निर्माण, विल्ड स्क्रीन की स्थापना समेत अन्य निर्माण कार्य जारी



सरगुजा संभाग के एकमात्र रेलवे गुड शेड बिश्रामपुर को अपग्रेड करने का कार्य पिछले छह माह से तीव्र गति से चल रहा है,लदान में फोकस और माल भाड़ा राजस्व बढ़ाने रेलवे लगातार प्रयास कर रही है। इसके लिए उपभोक्ताओ को सुविधा देने रेलवे नित्य नए प्रयास कर रहा है ताकि अधिक से अधिक व्यवसाई रेल से जुड़े ताकि राजस्व में बढ़ोतरी हो। इसी क्रम में बिश्रामपुर में छह दशक से भी पुराना रेलवे रैक प्वाइंट जो आजादी के बाद से अब तक पूरी तरह उपेक्षित पड़ा हुआ था वहां करीब बारह करोड़ रुपये की लागत से रेलवे रैक प्वाइंट प्लेटफार्म की पिचिंग सहित एप्रोच सड़क का निर्माण, विल्ड स्क्रीन की स्थापना का कार्य शीघ्रता से चल रहा है।

गौरतलब है कि संभाग का इकलौता गुड शेड रैक प्वाइंट बिश्रामपुर में स्थित है,जहां एफसीआई,वेयर हाउस,मार्कफेड फेडरेशन के खाद्यान्न चावल,गेहूं,चीनी, नमक उर्वरक,सहित निजी पार्टियों के सीमेंट,बारदाना सहित अन्य सामानों को रैक के जरिए मंगाया और मांग के अनुरूप दूसरे प्रांतों में भेजा जाता है,महीने में 25 से 30 रैक यहां लगती है,हर माह 8 से 10 करोड़ रुपये का राजस्व देने वाला बिश्रामपुर गुड शेड अब तक उपेक्षित था,लेकिन अब सरकार का ध्यान स्टेशनों को विकसित करने में आय के संसाधनों को बढ़ाने के अमृत भारत स्टेशन अभियान में बिश्रामपुर गुड शेड को अपग्रेड करने 12 करोड़ के लागत से कार्य जारी है।

### स्टेशन प्लेटफार्म और गुडशेड में लग रहे उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे

बिश्रामपुर स्टेशन और गुड शेड परिसर को सीसी टीवी से लैस किया जा रहा है जिसकी स्थापना का कार्य भी जारी है।सीसीटीवी कैमरे लगने से से पूरा स्टेशन प्लेटफार्म सहित स्टेशन का पूरा एरिया सीसीटीवी के दायरे में आ गया है जिसे गुड शेड परिसर में भी लगाया जा रहा है,इससे माल डंप परिवहन सहित सभी कुछ अब तीसरी आंख की निगरानी में होगा, गौरतलब है कि अब तक रैक के समय पर खाली होने और प्लेटफार्म की मौजूदा स्थिति सब कुछ मैनुअली संचालित होती थी,मुख्य रूप से डैमरेज,वार्फेज में माल बाबुओं द्वारा पार्टियों से मिलकर रेल को क्षति पहुंचाते थे लेकिन अब यह सब कुछ आनलाइन होगा जिसकी मॉनिटरिंग अब खुद कंट्रोल बिलासपुर करेगा। इसके अलावा सीसीटीवी स्थापना का कार्य स्टेशन प्लेटफार्म सहित स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में होने से रेल परिसर में होने वाले अपराध काफी हद तक थमेंगे,स्टेशन के बाहर हाई क्वालिटी की सीसी टीवी कैमरे की स्थापना की गई है जो करीब दो सौ मीटर का एरिया अपनी चारों तरफ कवर करेगा जिससे स्टेशन का पूरा क्षेत्र अब सुरक्षित हो गया है।

### वर्तमान गुड शेड रैक पॉइंट में दो माह का लिया गया ब्लॉक

रेलवे रैक प्वाइंट में पिचिंग कार्य सहित अप्रोच सड़क निर्माण के लिए वर्तमान गुड शेड रैक प्वाइंट में दो माह का ब्लॉक लिया गया है जहां पिचिंग का कार्य आरंभ कर दिया गया है,वर्तमान में रैक प्वाइंट को स्टेशन के सामने दूसरी छोर में शिफ्ट किया गया है,स्टेशन के सामने चार नंबर लाइन में रैक प्लेस का कार्य दो दिन से आरंभ भी कर दिया गया है,बता दें कि छह दशक से अधिक पुरानी रेलवे रैक प्वाइंट में अब तक पक्की एप्रोच सड़क तक नहीं थी जिससे वाहनों के आवाजाही से उड़ने वाली धूल से आसपास के लोग परेशान रहते थे,इसके अतिरिक्त कच्ची प्लेटफार्म में माल उतारने व चढ़ाने में बारिश के दिनो में काफी असुविधा होती थी,साथ ही गुड्स क्लर्क, हमालों के लिए रेस्ट रुम का अब तक आभाव था,इन सभी कमियों व जरूरतों की एक साथ पूर्ति होने जा रही है।बता दें कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने माल लदान में चालू वित्त वर्ष में अब तक 20 हजार करोड़ का प्रारंभिक माल भाड़ा राजस्व सबसे कम समय अर्जित कर नया रिकॉर्ड बनाया है,जो गत वर्ष के मुकाबले तेरह दिन पहले और भारतीय रेलवे सबसे अधिक प्रारंभिक माल भाड़ा राजस्व देने वाला जोन बना है जिसका देश के रेलवे नेटवर्क में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का प्रारंभिक माल भाड़ा राजस्व में 17.56 प्रतिशत का योगदान रहा है।

## अम्बिकापुर-बरवाडीह का हो चुका है 12 से अधिक सर्वे

# सर्वेक्षण तक सिमटी सरगुजा की आधा दर्जन रेल परियोजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- वर्ष 1935-36 में हुआ था प्रथम सर्वे, लगातार परियोजना की बढ़ रही दूरी एवं लागत

आवागमन की दृष्टि से बेहद पिछड़े सरगुजा के विकास को पंख लगाने आजादी के बाद से ही रेल परियोजनाओं से जोड़ने का खाका तैयार किया जा रहा है लेकिन दशकों का समय गुजरने के बावजूद अब तक कोई भी रेल परियोजना धरातल पर नहीं उतर पाई है। सरगुजा को महानगरों से जोड़ने की आधा दर्जन से अधिक रेल परियोजनाएं सर्वे तक सिमट कर रह गई है तथा किसी भी परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए अब तक कोई कारगर पहल नहीं हो सकी है।

सबसे पहले अंग्रेजों ने वर्ष 1936 में सरगुजा का कोयला परिवहन कराने के उद्देश्य से चिरमिरी-बरवाडीह रेल परियोजना का सर्वे कराया था। अपनी औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से तत्कालीन अंग्रेज सरकार ने इस परियोजना में रूचि ली तथा वर्ष 1946 में दूसरा सर्वे कराया। भूमि अधिग्रहण उपरांत परियोजनाओं का निर्माण भी प्रारंभ किया गया लेकिन परियोजना पूरी नहीं हो सकी। क्षेत्रवासियों की मांग एवं जनप्रतिनिधियों के दबाव में रेलवे समय-समय पर इस परियोजना का सर्वे कराते रहा है तथा अब तक इसके 12 से अधिक सर्वे हो चुके है तथा आगे भी सर्वे का क्रम जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। खास बात है कि बरवाडीह की भागौलिक स्थिति में बदलाव नहीं हुआ है लेकिन हर बार के सर्वे में इस परियोजना की दूरी एवं लागत में वृद्धि हो रही है। प्रारम्भिक सर्वे में विश्रामपुर से बरवाडीह की दूरी 154 किमी एवं लागत 24 करोड़ रूपए प्रस्तावित की गई थी अब दूरी बढ़कर 262 किमी एवं लागत 20,000 करोड़ रूपए पहुंच गई है। जाहिर है कि इस परियोजना के सर्वे पर रेलवे लागत से अधिक राशि खर्च कर चुका है लेकिन न तो परियोजना के निर्माण में रूचि ले रहा है न ही इसे छोड़ ही रहा है। रेलवे द्वारा इस परियोजना का प्रथम सर्वे वर्ष 1935-36 में चिरमिरी-करंजी, प्रतापपुर के रास्ते कराया गया था। बाद में 1960-61 एवं 1978-79 में सर्वे हुआ जिसमें करंजी, विश्रामपुर के रास्ते इसकी दूरी 194 किमी तथा लागत 24 करोड़ थी। जबकि सर्वे पर 10.97 लाख खर्च हुए थे। रेल मंत्रालय द्वारा पुनः वर्ष 1983-84, 1997-98, 2003-04, 2007-08 एवं 2013-14 में सर्वे कराया गया। 2003-04 के सर्वे में अम्बिकापुर से इसकी दूरी 184 किमी एवं लागत 406.86 करोड़ वही 2013-14 में लागत बढ़कर 1137 करोड़ हो गई। वर्ष 2023 के सर्वे में इसकी 262 किमी एवं लागत 90300 करोड़ हो गई है। रेलवे अम्बिकापुर-बरवाडीह परियोजना का सर्वे कराने के बाद अब रामानुजगंज-गढ़वा रोड के सिंगल शाखा लाइन का सर्वे करा रहा है। गत वर्ष यह सर्वे बलरामपुर से कराया जा रहा था। हर सर्वे में परियोजना का क्षेत्र बदला जा रहा है। पूर्व में फाइनल सर्वे लोकेशन प्रोजेक्ट रिवैल्यूशन कमेटी एवं छग रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड परामर्शी ठेठा रिपोर्ट में इस परियोजना को अनुपयोगी एवं अलाभकारी बताया गया है जिसके कारण इस परियोजना से सर्वे से बाहर निकलने की संभावना नहीं है।



### अन्य परियोजनाएं भी लंबित

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने सरगुजा को महानगरों से जोड़ने के साथ ही यातायात सुविधाओं में विस्तार के उद्देश्य से वर्ष 2016 से अन्य कई परियोजनाओं का सर्वे एवं फाइनल लोकेशन सर्वे करा रही है। कुछ परियोजनाओं की रिपोर्ट रेलवे के पास वर्षों से लंबित हैं जबकि कुछ का अभी भी सर्वे चल रहा है। रेलवे ने 129 किमी लंबी अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल परियोजना को आवागमन एवं लाभ की दृष्टि से बेहतर माना है। दो वर्ष पूर्व इस परियोजना का फाइनल लोकेशन सर्वे पूर्ण हो गया है। अम्बिकापुर-कोरबा एवं 218 किमी लंबी सरदगा-पत्थलगांव-अम्बिकापुर रेल परियोजना का सर्वे अभी चल रहा है। पूर्व मध्य रेलवे भी विंढमगंज -अम्बिकापुर रेल परियोजना का सर्वे करा रही है। साल दर साल विभिन्न रेल परियोजनाओं के सर्वे पर रेलवे भारी भरकम राशि खर्च कर रहा है लेकिन किसी परियोजना को अब तक स्वीकृति नहीं मिल सकी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी सर्वे के इस खेल को अपनी उपलब्धि बता रहे हैं।

### रेल सचिव से हुई चर्चा

लंबित रेल परियोजनाओं के संबंध में दो दिन पूर्व ही मैं रेल मंत्रालय के सचिव से मिला था। बरवाडीह रेल लाइन का सर्वे पूरा हो गया है। परियोजना से संबंधित कुछ तकनीकी जानकारी मंगाई गई है। परियोजना का कार्य प्रगति पर है।

**-चिंतामणि महाराज**, सांसद, सरगुजा

### सभी परियोजनाएं महत्वपूर्ण

सैकड़ों करोड़ का राजस्व देने वाले सरगुजा क्षेत्र में रेल सुविधाएं बढ़नी चाहिए। राजस्व के अनुपात में हमें सुविधाएं नहीं मिलती। माल ढुलाई के आंकड़े बेहतर दिखाने एवं रिकॉर्ड बनाने के लिए अनेक सर्वे एवं योजनाएं लगातार बन रही हैं लेकिन यात्री गाड़ी चलाने के लिए तरह-तरह के बहाने बनाए जा रहे हैं। अम्बिकापुर से गढ़वा रोड, पत्थलगांव और कोरबा को जोड़ने के लिए प्रस्तावित सभी रेल परियोजनाएं महत्वपूर्ण हैं।

**-मुकेश तिवारी**, सदस्य, क्षेत्रीय रेल परामर्शदात्री समिति

## मधुमक्खियों से बचने वृद्धा ने लगाई तालाब में छलांग, नहीं बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रिश्तेदार के साथ जंगल में लकड़ी लेने गई वृद्धा का मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जान बचाने के लिए वृद्धा तालाब में छलांग लगा दी। मधुमक्खियों से हमला से गंभीर हुई वृद्धा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार पत्थलगांव निवासी गुड्डी पति लक्ष्मी दास वैष्णव (60 वर्ष) मंगलवार को देवरानी व जेठानी के साथ गांव के समीप जंगल में सूखी लकड़ी लेने गए थे। जैसे ही वृद्धा पेड़ समीप झाडी से सूखी लकड़ी निकाल रही थी तभी मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। देवरानी व जेठानी जमीन पर लेट गए जबकि मधुमक्खियों ने वृद्धा पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों से जान बचाने के लिए वृद्धा पास ही तालाब में छलांग लगा दी। कुछ समय बाद वृद्धा किसी तरह तालाब से निकली तो परिजन उसे घर लेकर आए। इधर मधुमक्खियों के काटने से वृद्धा की हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बेरिकेड से टकरा बाइक सवार, मौत

जशपुर क्षेत्र के नारायणपुर थाना अंतर्गत ग्राम बिलासपुर निवासी राकेश गुप्ता आ. केदार गुप्ता (23 वर्ष) बुधवार की शाम ग्राम सरबकोम्बो निवासी रिश्तेदार के यहां शादी पार्टी में शामिल होने गया था। इसी दौरान रात लगभग 11 बजे साहीडांड़ स्थित बैरिकेट से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने तथा सीटी स्कैन कराने की सलाह देकर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बकाया वसूली के लिए विद्युत विभाग सख्त, काटे 52 कनेक्शन

**सलका अधिना।** विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बकाया राशि नहीं पटाने वालों पर विद्युत विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। सलका डीसी सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले चंद्रपुर, सलका, चुनगढ़ी, बतरा फीडर पर चार टीम बनाकर बकाया वसूली का अभियान चलाया गया, जिसमें बकाया राशि जमा न करने पर विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। 9 लाख 45 हजार राशि शेष वाले 52 कनेक्शन धारी के कनेक्शन काटे गए जबकि 25 और उपभोक्ताओं ने 1 लाख 60 हजार जमा कर अपना कनेक्शन काटने से बचा लिया। सभी उपभोक्ताओं को समय पर बकाया राशि जमा करने की नसीहत देते हुए कनेक्शन कटने से बचने की कार्रवाई से बचने की सलाह दी गई। इस कार्रवाई में एई प्रतापपुर अमर सिंह कंवर, जेई भैयाथान समय लाल बंजारे, भटगांव जेई संजय पटेल,जेई सलका गुलशन सहित पूरा विद्युत विभाग का अमला कार्रवाई में साथ रहे।


### पीसीबी क्रिकेट टूर्नामेंट, 13 दिनों तक चली प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया



**अम्बिकापुर।** आरआरवीयूएनएल की सामाजिक उत्तरदायित्व शाखा अदाणी फाउंडेशन और तारा ग्राम पंचायत के सहयोग से हाई स्कूल मैदान में दूसरा पीसीबी ट्रॉफी फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता 13 दिनों तक चली और इसमें सूरजपुर, सरगुजा और कोरबा जिलों की कुल 32 टीमों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेलों के माध्यम से सकारात्मक विकास की ओर प्रेरित करना और कठिन परिस्थितियों में भी जीवन में मजबूती से खड़े रहने का संदेश देना था। ग्रैंड फिनाले में तारा पुलिस टीम और शिवनंदनपुर टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। शिवनंदनपुर टीम विजेता रही, जिसे 1 लाख की नकद राशि और पीसीबी ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं तारा पुलिस टीम उपविजेता रही, जिसे 41 हजार की नकद राशि और रनर-अप ट्रॉफी दी गई। फाइनल मुकाबला देखने के लिए लगभग 400 से 500 दर्शक उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक भुल्लन सिंह मरावी,जिपं सदस्य श्रीमती नयन सिरदार, सरपंच श्रीमती संपतिया देवी, मुकेश कुमार चीफ ऑफ क्लस्टर अदाणी, बिपिन सिंह, विजय सिरदार, श्रीमती जीनेट परवीन, श्रीमती मिथिला बंजारा, बिशी सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### एसईसीएल इंटर एरिया फुटबॉल 6 से, बिश्रामपुर टीम के लिए 16 खिलाड़ियों का चयन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर द्वारा जारी वार्षिक स्पोर्ट्स कैलेंडर 2025-26 के अनुसार इस वर्ष का इंटर एरिया फुटबॉल टूर्नामेंट 6 दिसंबर से 10 दिसंबर तक चिरमिरी क्षेत्र के कुरसिया सब एरिया स्थित डोमनहिल ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है,टूर्नामेंट में बिश्रामपुर क्षेत्र की टीम ने खिलाड़ियों का चयन कर लिया है, जिसकी आधिकारिक सूची कार्यालय आदेश के रूप में जारी की गई है,ज्ञात हो कि इस बार बिश्रामपुर क्षेत्र से 16 खिलाड़ियों और एक कोच को प्रतिनिधित्व का मौका मिला है,इनमें खदानों से लेकर सर्वे,पंपिंग और मैकेनिकल विभाग तक विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारी शामिल हैं,टीम की कमान जखरियाश टोप्पो को कप्तान के रूप में सौंपी गई है,जबकि टीम के कोच की जिम्मेदारी रामबिहारी राम निभाएंगे,चयनित खिलाड़ियों में क्रमशः मनीलाल माइनिंग सरदार रेहर यूजी,गोविंद भगत माइनिंग सरदार बलरामपुर 10/12,सूरज कुमार जनरल असिस्टेंट गायत्री यूजी,भोला राम एसडीएल/एलएचडी हेल्पर,प्रदीप कुमार सर्वे मजदूर,राहुल,भुवन सिंह,सुरेश कुमार जनरल असिस्टेंट,पतरस सर्वे मज़दूर, दाऊ सिंह फोरमैन ऑक्ज,सतीश कुमार बारा ओवरमैन, पंकज सोरेन माइनिंग सरदार,सदारण पंप ऑपरेटर व अमन कुमार चुरेन्द्र असिस्टेंट मैनेजर माइनिंग को चयनित किया गया है,खिलाड़ियों को 1 से 5 दिसंबर तक फुटबॉल अभ्यास हेतु कार्यमुक्त किया गया है,वहीं 6 से 10 दिसंबर तक चिरमिरी स्थित कुरसिया सब एरिया में आयोजित होने वाले इंटर एरिया फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति दे दी गई है।




# सूरजपुर एवं ओड़गी के एसडीएम ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- समिति उमेश्वरपुर में अब तक 8100 क्विंटल धान की हुई खरीदी

जिले में धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित हो, इसका निरीक्षण करने हेतु कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में एसडीएम सूरजपुर एवं एसडीएम ओड़गी द्वारा विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

एसडीएम सूरजपुर सुश्री शिवानी जायसवाल ने धान खरीदी केंद्र पहुंचकर संपूर्ण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, तौल प्रक्रिया, टोकन व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। वहीं एसडीएम ओड़गी अजय मोड़ीयम द्वारा धान खरीदी केंद्र समिति उमेश्वरपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जानकारी दी गई कि समिति में अब तक 8100 क्विंटल धान का क्रय किया जा चुका है और किसानों के लिए पर्याप्त बारदाना उपलब्ध है। उन्होंने धान खरीदी में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### प्रशासन की सतत निगरानी से 429 बोरी अवैध धान जब्त



**रामानुजगंज।** जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रभावी रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत रामचन्द्रपुर में 62 बोरी एवं विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत ग्राम जमुआटांड में 367 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आनंद राम नेताम के मार्गदर्शन में रामचंद्रपुर में झारखंड से अवैध रूप से धान ला रही एक पिकअप वाहन को लगभग 2 किलोमीटर पीछा कर प्रशासनिक दल ने पकड़ा। प्रशासनिक टीम ने रामचंद्रपुर के समीप एक पिकअप वाहन को रुकने का संकेत दिया गया, किंतु चालक वाहन को तेज गति से भगाकर फरार होने का प्रयास करने लगा। जिस पर राजस्व एवं पुलिस टीम द्वारा लगभग 2 किलोमीटर की भाग दौड़ के के बाद 1 पिकअप वाहन जिसमें 62 बोरी अवैध धान लोड था को जब्त किया और तत्काल रामचंद्रपुर थाना में सुपर्द कर दिया गया। विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा ग्राम जमुआटांड़ निवासी रामप्रवेश के घर में 167 बोरी तथा जेपी गुप्ता के गोदाम से 200 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। जिला प्रशासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को सुरक्षित और पारदर्शी बनाए रखने के लिए अवैध भंडारण एवं परिवहन पर सतत निगरानी रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने किसानों एवं आम नागरिकों से कहा है कि किसी भी संदिग्ध वाहन या परिवहन, भण्डारण की सूचना तुरंत दें।

